जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर

क्रमांकः जीवि/परीक्षा-2/गोपनीय/2020/848 दिनांक : 09.09.2020

प्रति,

अंतिम अवसर

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध शासकीय/अशासकीय/अनुदानित महाविद्यालय
जीवाजी विवविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.)

विषयः- **कतिपय महाविद्यालयों द्वारा स्नातकोत्तर द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा जून-2020 (नियमित/भूतपूर्व/ए0टी0के0टी के परीक्षार्थियों) के आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा के अंक एम0पी0 ऑनलाइन पोर्टल आज दिनांक तक अपडेट न करने वावत्।**

सन्दर्भः- म0प्र0 शासन उच्च शिक्षा विभाग(मंत्रालय) के आदेश क्रमांक एफ 770/2020/38-3 दिनांक 13.08.2020 एवं क्रमांक 811/969/2020/38/शा.-3 दिनांक 26.08.2020 के तहत सत्र 2019-20 की स्नातक/स्नातकोत्तर परीक्षाओं के संदर्भ में विस्तृत दिशा निर्देश जारी किये गये हैं।

महोदय/महोदया,

शासन के निर्देशानुसार स्नातकोत्तर एम0ए0, एम0कॉम0, एम0एससी0, एम0एससी0 होम साइंस द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा जून-2020 (नियमित/भूतपूर्व/ए0टी0के0टी के परीक्षार्थियों) का परीक्षा परिणााम आंतरिक मूल्यांकन के आधार पर घोषित किया जाना है।

कुछ महाविद्यालयों द्वारा परीक्षार्थियों के विषयों के आंतरिक मूल्यांकन के अंक आज दिनांक तक अपलोड नहीं किये गये हैं। इसके कारण परीक्षा परिणाम घोषित करने में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है।

आपको यह भी विदित कराया जाता है कि, समस्त परीक्षार्थियों के प्रायोगिक अंक विश्वविद्यालय द्वारा आंतरिक मूल्यांकन के आधार पर ही परिवर्तित किये जाना है।

अतः आपसे अनुरोध है कि, अंतिम अवसर के रूप में आप शेष परीक्षार्थियों के आंतरिक मूल्यांकन के अंक दिनाक 18.09.2020 तक अनिवार्य रूप से अपडेट करें। जिससे परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम घोषित किये जा सकें।

आप यह सुनिश्चित करें कि, किसी भी परीक्षार्थी के आंतरिक मूल्यांकन के अंक अपडेट करने से शेष न रहें। विश्वविद्यालय द्वारा आंतरिक मूल्यांकन के अंक अपडेट न होने की दशा में छात्र को अनुपस्थित मानकर परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया जावेगा। जिसका समस्त उत्तरदायित्व छात्र का स्वंय का एवं महाविद्यालय के प्राचार्य के स्वंय का होगा। विश्वविद्यालय द्वारा किसी भी परिस्थिति में छात्र के आफलाइन आंतरिक मूल्यांकन के अंक मान्य नहीं किये जावेगे। निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

कुलसचिव

प्रतिलिपिः-

1. समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय प्राचार्य/प्राचार्या जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
2. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
4. उप/सहा. कुलसचिव(परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5. श्री संजय बरथरिया एम0पी0ऑनलाइन प्रभारी, की ओर आवश्यक रूप से पोर्टल की लिंक खोले जाने संबंधी आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ।

उप/सहा0 कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)